# पाठ 14. अंकों से दोस्ती

## पाठ का उद्देश्य
प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को गिनती सिखाना है। उन्हें इस पाठ के माध्यम से संख्या के विभिन्न रूपों से अवगत कराया गया है।

## पाठ का सारांश
इस पाठ में 1 से 10 तक चित्र सहित गिनती दी गई है।

## अध्यापन संकेत
बच्चों को गिनती सिखाने के लिए पहले उन्हें अपनी उँगलियों को गिनना सिखाएँ। 1 से 10 तक गिनती का ज़ोर-ज़ोर से उच्चारण करवाएँ। बच्चों से अपने आस-पास की वस्तुओं को गिनने को कहें। उन्हें गिनती को बार-बार लिखकर अभ्यास करने के लिए प्रेरित करें।